आजा बाबा दुखड़े में घिर के मैं हारा भजन लिरिक्स

आजा बाबा दुखड़े में,
घिर के मैं हारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा,
आया तेरे दर पे जो,
आया तेरे दर पे जो,
तूने ही उबारा है उबारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा।bd।

तर्ज – चाँद जैसे मुखड़े पे।

दर दर मैंने ठोकर खाई,
कोई मिला ना सहारा,
पल पल ऐसे तड़पा जैसे,
माटी बिन जल धारा,
बिच भवर में भटकु बाबा,
बिच भवर में भटकु बाबा,
सूझे ना किनारा हो किनारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा।bd।

आज बड़ो की इस दुनिया में,
मैं बिलकुल छोटा,
मेरे अपनों ने ही मुझको,
लुटा और कचोटा,
दीनो की बिगड़ी को बाबा,
दीनो की बिगड़ी को बाबा,
तूने ही है संवारा है संवारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा।bd।

अब तो मेरी सुनले दाता,
ना ऐसे तरसाओ,
'हर्ष' खड़ा है हाथ पसारे,
ना ऐसे बिसराओ,
इक तेरा ही है आसरा तेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भक्तो का तुझसे ही बाबा,
चलता गुजारा है गुजारा,
Bhajan Diary Lyrics,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा।bd।

आजा बाबा दुखड़े में,
घिर के मैं हारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा,
आया तेरे दर पे जो,
आया तेरे दर पे जो,
तूने ही उबारा है उबारा,
तू ही हारे का मेरे श्याम,
है सहारा है सहारा।bd।

Singer – Paritosh Mini

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com